भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

तारांकित प्रश्न सं. *161

जिसका उत्तर 11.12.2025 को दिया जाना है

ई10 और ई20 ईंधन मानकों के लिए संगत वाहन

*161. श्री जगदीश चंद्रा बर्मा बसुनिया:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने वाहन विनिर्माताओं को वाहनों को ई10 या ई20 ईंधन संगत मॉडल के रूप में लेबल किए जाने या प्रमाणित किए जाने को अनिवार्य करने के लिए स्पष्ट मानदंड निर्धारित किए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या ऐसे प्रमाणन आंकड़ों को उपभोक्ताओं को सार्वजनिक रूप से उपलब्ध कराया गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) देश में वर्तमान में पंजीकृत ऐसे वाहनों की संख्या कितनी है जो ई-20 ईंधन मानकों का अनुपालन नहीं करते हैं; और

(घ) क्या अनुपालन नहीं करने वाले वाहनों को किसी चरणबद्ध तरीके से समाप्त करने या उनके लिए पुनःसंयोजन (रेट्रोफिट) कार्यक्रम की घोषणा की गई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (घ) विवरण सदन के पटल पर रखा गया है।

"ई10 और ई20 ईंधन मानकों के लिए संगत वाहन" के संबंध में श्री जगदीश चंद्रा बर्मा बसुनिया द्वारा पूछे गए दिनांक 11.12.2025 के लोक सभा तारांकित प्रश्न सं. *161 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में उल्लिखित विवरण

(क) और (ख) ई20 के इथेनॉल मिश्रण के स्तर तक वाहन की संगतता को वाहन विनिर्माता द्वारा परिभाषित किया जाएगा और इसे स्पष्ट नजर आने वाले स्टिकर लगाकर वाहन पर प्रदर्शित किया जाएगा।

(ग) 1 अप्रैल, 2023 से पहले बेचे गए वाहन ई10 के अनुरूप थे और 1 अप्रैल, 2023 के बाद बेचे गए वाहन ई20 सामग्री के अनुरूप हैं। ई20 के लिए सुरक्षा मानक बीआईएस विनिर्देशों और ऑटोमोटिव उद्योग मानकों (एआईएस) के माध्यम से अच्छी तरह से स्थापित हैं। चालन योग्य (ड्राइवबिलिटी), स्टार्ट योग्य (स्टार्टबिलिटी), धातु संगतता (मेटल कंपेटीबिलिटी) और प्लास्टिक कंपेटीबिलिटी सहित अधिकांश मानदंडों में, कोई समस्या नहीं है।

(घ) ऑटोमोटिव रिसर्च एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एआरएआई), इंडियन ऑयल को-ऑपरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) और सोसाइटी ऑफ ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (एसआईएएम) द्वारा किए गए अध्ययन की सिफारिश के आधार पर, गैर-अनुपालन वाले वाहनों को हटाने या रेट्रोफिट करने की कोई आवश्यकता नहीं होगी और वाहन की नियमित सर्विसिंग व्यवस्था के दौरान सामान्य टूट-फूट की मरम्मत की जा सकती है।

*****